हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, सोमवार, 30 दिसंबर 2024

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

तापमान
अधिकतम 29 डिग्री
न्यूनतम 16 डिग्री

11 अंवरी सोसाइटी में किसानों का सम्मान



12 आमजन की आवाज है हरिभूमि : अंबिका मरकाम




## खबर संक्षेप

### राम कथा के आयोजन को लेकर आज बैठक



**धमतरी**। मां अंगारमोती गोधाम एवं रामभक्तों द्वारा 3 जनवरी से पुरानी मंडी में आयोजित भव्य राम कथा की रूपरेखा तैयार करने के लिये 30 दिसंबर को दोपहर 3 से 5 बजे तक बैठक आयोजित की गई है। ज्ञात हो कि अयोध्या धाम में प्रभु श्रीराम के मंदिर निर्माण को एक वर्ष पूर्ण होने जा रहा है। इस वर्षगांठ को पूरे देश में भव्य रूप से मनाने की तैयारी है। इसी कड़ी में धमतरी में भी भव्य श्रीराम कथा का आयोजन पुरानी कृषि उपज मंडी में 3 से 11 जनवरी तक किया गया है। कथावाचक अतुल कृष्ण भारद्वाज मथुरा होंगे। कथा दोपहर 2 से शाम 6 बजे तक चलेगी। दीपक लखोटिया अध्यक्ष मां अंगारमोती गौधाम एवं रामभक्तों ने इस बैठक में लोगों से उपस्थिति की अपील की है।

### जिला बॉडी बिल्डिंग टीम का चयन आज

**धमतरी**। 5 जनवरी को कवर्धा में मिस्टर छत्तीसगढ़ बॉडी बिल्डिंग सीनियर मेनफिजिक, पुरुष एवं महिला दिव्यांग मास्टर्स प्रतियोगिता का आयोजन हो रहा है।
प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए धमतरी बॉडी बिल्डिंग टीम का सिलेक्शन ट्रायल 30 दिसंबर को शाम 7 बजे आरएच फिटनेस क्लब रामपुर वार्ड में रखा गया है। केवल उन्हीं प्रतिभाओं को राज्य बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप में भाग लेने का मौका मिलेगा जिनका धमतरी जिला बॉडी बिल्डिंग चयन प्रतियोगिता में चयन होगा। राज्य बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप में 2 लाख रुपये का इनाम रखा गया है।

### कोपेडीह हंचलपुर में मड़ई आज

**कोर्रा(भखारा)**। कोपेडीह हंचलपुर में आज 30 दिसम्बर सोमवार को मड़ई का आयोजन किया जायेगा। ग्रामवासियों एवं मड़ई संचालक मंडल ने लोगों से उपस्थिति की अपील की है।

### बिरेझर में जयंती मड़ई आज

**जीजामगांव**। समस्त सतनामी समाज के तत्वावधान में 30 दिसंबर दिन सोमवार को जयंती मड़ई का आयोजन किया गया है। रात्रि में मनोरंजन के लिए सुर संगम अकाश अनंत छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक लोक कला मंच जिला जांजगीर चांपा पामगढ़ की शानदार प्रस्तुति होगी। उक्त जानकारी सतनामी समाज बिरेझर के सदस्यों ने दी।

### मरौद में मड़ई आज

**सिर्री**। ग्राम मरौद में 30 दिसंबर को मड़ई का आयोजन किया गया हैं। जिसमें रात्रिकालीन कार्यक्रम अर्जुन्दा छत्तीसगढ़ी लोककला नाचा पार्टी एवं साथ ही पंथी सुंदरनगर परसदा राजिम की प्रस्तुति होगी। यह जानकारी कमलेश कुर्रे, विनोद एवं संजय ने दी।

### सेमरा में कबड्डी प्रतियोगिता कल



**अंवरी**। इस वर्ष भी नववर्ष के आगमन पर लक्ष्य युवा मंच व ग्रामीणों के सहयोग से 31 दिसम्बर मंगलवार को ग्राम सेमरा (भखारा) में एक दिवसीय रात्रिकालीन कबड्डी प्रतियोगिता रखी गई है। प्रथम इनाम 8025 रुपये, द्वितीय इनाम 5025 रुपये और तृतीय इनाम 3025 रूपये रखा गया गया। कार्यक्रम की तैयारी में तामेश्वर साहू, चैनसिंह, मोंटू साहू समेत अनेक जुटे हैं।

थर्टी फर्स्ट पर जश्न मनाने 25 हजार से अधिक सैलानी गंगरेल पहुंचेंगे

# नए साल के स्वागत में पर्यटन स्थल, होटल, रिसोर्ट तैयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी







नए साल शुरू होने के दो दिन पहले गंगरेल पर्यटन में बूम आ गया है। रविवार को गंगरेल पर्यटन में दिनभर लोगों का रेला लगा रहा। करीब 10 हजार पर्यटकों के पहुंचने से रूद्री से लेकर गंगरेल तक बाइक, कार आदि वाहनों की कतार लगी रही। बरदिहा लेकव्यू रिसोर्ट तथा मानव वन का मचान हट 3 जनवरी तक के लिए पैक हो गया है। सिंचाई विभाग भी नए वर्ष पर गंगरेल डेम को रंग बिरंगी लाइट से रोशन करेगा। थर्टी फर्स्ट पर यहां जश्न मनाने के लिए 25 हजार से अधिक के सैलानियों के पहुंचने की संभावना है। नए साल में भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन अलर्ट है। पुलिस की ओर से एडवायजरी भी जारी की जाएगी।

नए वर्ष 2025 के स्वागत और 2024 की विदाई लोग अपने-अपने अंदाज में करते हैं। कई परिवार तिरूपति बालाजी, अयोध्या, वृंदावन के लिए धार्मिक यात्रा के लिए निकल रहे हैं। वहीं अनेक युगल ने बर्फबारी का मजा लेने शिमला, मनाली, कश्मीर टूर करने की तैयारी पूर्ण कर ली है। युवाओं का ग्रुप आसपास के पर्यटन स्थल में जाने की मंशा बना रहा है। होटल, ढाबा, रिसोर्ट को आकर्षक ढंग से सजाया जा रहा है। हर्बल मानव वन का प्रभार संभाल रहे वन विभाग के डिप्टी रेंजर राकेश कुमार तिवारी ने बताया कि मचान हट के सभी 4 रूम 3 जनवरी तक के लिए बुक हो चुके हैं। पर्यटकों की डिमांड अनुसार यहां खाने की व्यवस्था की जाएगी। मचान हट को लाइट से सजाया गया है। जंगली जानवरों से खतरा को देखते हुए रात में कोई इवेंट नहीं रखा गया है। बरदिहा लेकव्यू रिसोर्ट पर सेलिब्रेशन के लिए आने वाले मेहमानों के लिए खास सुविधा दी जा रही है। थर्टी फर्स्ट की रात को रोमांचक एवं दिलचस्प बनाने लाइट डेकोरेशन के साथ आतिशबाजी की जायेगी। डीजे पार्टी, फ्लावर फूल, मॉकटेल बार एवं माउंथ वाटरिंग, स्नैक्स, गाला डिनर बफे, किड्स जोन रहेगा। यहां अपने-अपने अंदाज से न्यू ईयर मनाया जाएगा।

### सिंचाई विभाग डेम को करेगा रोशन

थर्टी फर्स्ट के लिए सिंचाई विभाग डेम को सजाने में जुट गया है। विभागीय जानकारी के अनुसार गंगरेल डेम के गेटों को रंग बिरंगी लाइट से रोशन किया जायेगा। बांध का पूरा क्षेत्र दूधिया लाइट से चमकेगा। ज्ञात हो कि 15 अगस्त को सिंचाई विभाग ने डेम के गेटों को तिरंगा रंग से रोशन किया था।

### मनेगी पिकनिक पार्टी, होटल-ढाबे होंगे गुलजार

न्यू ईयर पर होटल, ढाबों में भी रौनक रहेगी। साहेब रेस्टोरेंट के संचालक अनिल साहेब ने बताया कि कोरोना काल से पहले न्यू ईयर पर डिनर सहित अन्य खेलकूद के लिए पैकेज की व्यवस्था रहती थी। अब कोई पैकेज नहीं है लेकिन रेस्टोरेंट को आकर्षक ढंग से सजाया जाएगा। स्पेशल व्यंजनों की व्यवस्था रहेगी। पार्टी इवेंट भी होगी। जिले के अन्य पर्यटन स्थल सोंढूर बांध, मुरूमसिल्ली बांध, नरहरा जलप्रपात, ओन्हा कोन्हा, सिहावा के सप्त ऋषि पहाड़ भी नए साल पर पर्यटकों का इंतजार कर रहे हैं। यहां पिकनिक पार्टी के लिए युवाओं के अलावा फैमिली टूर भी होगी।

### जश्न मनाने के लिए एडवायजरी

पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय ने बताया कि थर्टी फर्स्ट का जश्न मनाने वालों के लिए पुलिस विभाग द्वारा एडवायजरी जारी की जा रही है। शराब के नशे में वाहन चलाने वालों पर सख्ती बरती जाएगी। जहां भीड़ अधिक होती है, वहां पुलिस बल तैनात किया जाएगा। पुलिस अपने-अपने थाना क्षेत्र में पेट्रोलिंग कर गतिविधियों पर नजर रखेगी। दुर्घटना जन्य स्थलों पर भी बैरिकेड्स लगाकर वाहनों की गति धीमी की जाएगी।

### शराब का हो रहा है स्टॉक

शहर की शराब दुकानों में दारू की खूब बिकवाली हो रही है। शराब दुकान के सेल्समेन बताते हैं कि 25 दिसम्बर से शराब की खपत डेढ़ गुणा बढ़ गई है। होटल, ढाबों के अलावा थर्टी फर्स्ट का जश्न मनाने वाले लोग शराब का स्टॉक कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि अभी इंग्लिश की महंगी शराब ज्यादा बिक रही है।

# जीवन साथी चुनने 50 युवाओं ने दिया परिचय














- डड़सेना सिन्हा समाज का युवक-युवती परिचय सम्मेलन सामाजिक भवन में हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



रविवार को स्थानीय रत्नाबांधा रोड स्थित सिन्हा समाज भवन में डड़सेना सिन्हा समाज जिला धमतरी का युवक-युवती परिचय सम्मेलन हुआ जिसमें विवाह योग्य 50 से अधिक युवाओं ने मंच पर आकर बेबाकी से अपना परिचय दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश महामंत्री रामू रोहरा थे। मंच पर प्रांतीय अध्यक्ष युवराज सिन्हा सहित प्रदेश व जिला स्तर के पदाधिकारी थे। मंचीय कार्यक्रम के बाद परिचय सम्मेलन दोपहर 1 बजे प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम को श्री रोहरा, युवराज सिन्हा, विसंभर सिन्हा, कालीदास सिन्हा, जिलाध्यक्ष चन्द्रहास सिन्हा ने संबोधित करते हुए इसे सकारात्मक पहल बताया। अतिथियों ने कहा कि आज युवक-युवती परिचय सम्मेलन के माध्यम से रिश्ते तय हो रहे हैं। इससे समय व पैसे की बचत होती है। सम्मेलन में विभिन्न क्षेत्र से आए 50 से अधिक युवक-युवतियों ने अपना परिचय दिया।

मौके पर धमतरी मंडलेश्वर संतोष सिन्हा, कुरूद मंडलेश्वर हिरेश्वर सिन्हा, भखारा मंडलेश्वर डुमेन्द्र गजेन्द्र, मगरलोड मंडलेश्वर नरेश सिन्हा, नगरी मंडलेश्वर पन्नालाल सिन्हा, टीकाराम सिन्हा, संजू कामता सिन्हा सहित सैकड़ों समाजजन उपस्थित थे।

# किसके सिर पर सजेगा भाजपा जिलाध्यक्ष का ताज, फैसला आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

- जिलाध्यक्ष का नाम बंद लिफाफे से निकलेगा

भारतीय जनता पार्टी में संगठन चुनाव की प्रक्रिया जारी है। बूथ और मंडल अध्यक्ष के चुनाव के बाद अब जिलाध्यक्ष की बारी है। सोमवार को भाजपा संगठन ने हरदिहा साहू समाज भवन में बैठक आहूत की है। जिला भाजपाध्यक्ष के रूप में प्रकाश बैस पुनः अपने पद पर कायम रहेंगे या उनकी जगह किसी और को जिलाध्यक्ष का ताज मिलेगा, इसका फैसला आज 30 दिसंबर को होगा। कुछ दिन पहले जिला भाजपा कार्यालय में खास बैठक रखी गई थी, जिसमें जिलाध्यक्ष बनने कई दावेदार सामने आये थे। दावेदारों का नाम मंथन करने के बाद तीन नामों को पैनल बनाकर प्रदेश संगठन को भेजा गया है, जिसमें वर्तमान अध्यक्ष प्रकाश बैस, पूर्व विधायक रंजना साहू तथा जिला भाजपा उपाध्यक्ष कविन्द्र जैन को प्रबल दावेदार माना जा रहा है। इसके अलावा इस पद की दौड़ में महेन्द्र पंडित, चेतन हिन्दूजा, भानु चंद्राकर, विजय साहू, राजेन्द्र गोलछा, विकल गुप्ता भी शामिल हैं। 45 से 60 वर्ष की आयु सीमा निर्धारित होने के कारण कुछ दावेदार अध्यक्ष पद से बाहर हो गए हैं। 30 दिसंबर को हरदिहा साहू समाज भवन में दोपहर 3 बजे जिला निर्वाचन अधिकारी जगन्नाथ पाणीग्रही की मौजूदगी में बैठक होगी। बताया जा रहा है कि जिलाध्यक्ष का नाम बंद लिफाफे से निकलेगा। इससे पहले बैठक में आम सहमति बनाने की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। पार्टी सूत्रों का कहना है कि जिलाध्यक्ष के चुनाव में महिलाओं को भी जिम्मेदारी मिलेगी, जिसके चलते महिला नेत्रियां भी सक्रिय हैं। प्रदेश महामंत्री रामू रोहरा के घर में अध्यक्ष पद के लिए दावेदार पहुंचने लगे हैं। अपने बायोडाटा के साथ भाजपा में कब से कब तक सक्रिय और पदासीन होने की जानकारी सौंप रहे हैं। माना जा रहा है कि प्रदेश भाजपा महामंत्री की भूमिका जिलाध्यक्ष पद के लिए महत्वपूर्ण होगी।

# छट्ठी कार्यक्रम में युवक पर किया रॉड से हमला

- ग्राम भटगांव की घटना, पुरानी रंजिश का बदला लेने दिया घटना को अंजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

छट्ठी कार्यक्रम में गए युवक पर गांव के एक अन्य युवक ने पुरानी रंजिश का बदला लेने रॉड से हमला कर घायल कर दिया है।

पुलिस के अनुसार रूद्री थाना क्षेत्र के ग्राम भटगांव के कोष्टापारा निवासी आकाश देवांगन पिता पुरूषोत्तम उम्र 23 वर्ष शनिवार की रात्रि गांव के शांतनु ध्रुव के घर आयोजित छट्ठी कार्यक्रम में गया था। यहां डुमेश्वर ध्रुव पहले से मौजूद था। दिवाली के समय आकाश के साथ हुए लड़ाई-झगड़ा को लेकर डुमेश्वर रंजिश रखता था। छट्ठी कार्यक्रम में आकाश को देख पुरानी रंजिश का बदला लेने डुमेश्वर ने उस पर लोहे की रॉड से हमला कर दिया। इस हमले में आकाश के चेहरे में चोट लगी है। प्राथमिक उपचार के बाद पीड़ित आकाश ने रूद्री थाना पहुंचकर युवक के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी डुमेश्वर ध्रुव पिता समारूराम के खिलाफ धारा 115-2, 296, 351-2 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

# पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप में सिद्धार्थ को स्वर्ण, राहुल को मिला कांस्य पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



नौवीं छत्तीसगढ़ राज्य पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप पेंड्रा में आयोजित की गई।प्रतियोगिता में आरएच फिटनेस क्लब रामपुर वार्ड धमतरी के सिद्धार्थ तिवारी ने 500 किलोग्राम वजन उठाकर पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता और डेड लिफ्ट स्टेट चैंपियनशिप में 210 किलोग्राम वजन उठाकर रजत पदक जीता। वहीं राहुल देवांगन ने कुल 475 किलोग्राम वजन उठाकर कांस्य पदक जीता।

इस उपलब्धि पर आरएच फिटनेस क्लब के संचालक रमेश हिरवानी, संचालिका नूतन हिरवानी, रितेश सिंग, रितेश सिन्हा, कन्हैया ग्वाल, आकाश खरे, आशुतोष, खरे शुभम यादव, पंकज चक्रधारी, दुष्यन्त ध्रुव, हेमंत देवांगन, शाश्वत सोनी, सोनू हिरवानी, लक्ष्मीनारायण पटेल, संतराम साहू, केशव साहू, अमृत, चिरंजीवी, तुषार, रोहिताश हिरवानी, हर्ष साहू, अमन पटेल ने हर्ष व्यक्त किया है।

# खेत से लौट रहे किसान की सड़क हादसे में मौत

- तेज रफ्तार बाइक ने साइकिल सवार को मारी ठोकर

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



खेत से घर लौट रहे साइकिल सवार किसान को तेज रफ्तार बाइक चालक ने ठोकर मार दी। घटना में गंभीर रूप से घायल किसान की मौत हो गई है।

अस्पताल पुलिस चौकी व परिजनों के अनुसार प्रफुल कुमार कोमार्य पिता मनराखन सिंह उम्र 63 वर्ष शीतलापारा-चारामा निवासी खेती-किसानी का काम करता था। शनिवार को वृद्ध साइकिल से ग्राम डोकला स्थित अपने खेत गया था। शाम को वह साइकिल में सवार होकर नेशनल हाईवे से होते हुए वापस अपने घर चारामा लौट रहा था। ग्राम माहुद मोड़ के पास तेज रफ्तार बाइक के चालक ने वृद्ध को जोरदार टक्कर मार दी। बाइक की ठोकर से वृद्ध साइकिल सहित सड़क पर गिर गया। इस घटना में वृद्ध के सिर के पीछे गंभीर चोट लगी। घटना के बाद बाइक चालक मौके से फरार हो गया। घायल वृद्ध को उपचार के लिए चारामा अस्पताल ले गए। जहां से रिफर करने पर रात्रि में घायल को इलाज के लिए मसीही अस्पताल लाया गया। डाक्टर ने चेकअप के बाद वृद्ध को मृत घोषित कर दिया। चौकी पुलिस ने रविवार को मर्ग कायम, पंचनामा, पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया है।

इतवारी बाजार : टमाटर, गोभी, मूली, लौकी, नवलगोल 10 रुपए किलो बिका

# बंपर आवक से हरी सब्जियों के रेट गिरे, क्रेता-विक्रेता खुश

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



शहर के बाजार में इन दिनों मौसमी हरी सब्जियों की आवक बढ़ गई है। भाव में कमी होने से उपभोक्ताओं ने राहत की सांस ली है। वहीं अच्छी बिक्री होने से सब्जी व्यवसायी भी काफी खुश हैं। सब्जी विक्रेता रामावतार सोनकर ने बताया कि नवम्बर-दिसम्बर में अमूमन हरी सब्जियों के दाम कम हो जाते हैं। इस बार मौसम ने साथ दिया है इसलिए उपज भी बढ़ी है। कई बार बदली बारिश से फसल नुकसान हो जाता है इसलिए रेट चढ़ जाता है। गांव देहात से सब्जियों की खेप पहुंचने से कुछ सब्जियों के दाम औंधे मुंह गिर गए हैं। लिवाली की कमी के चलते टमाटर, गोभी, लौकी, मूली 10 रूपये किलो बिकी। शहर के इतवारी बाजार में रविवार को शाम 4 बजे ग्राहकों की काफी भीड़ नजर आई। सब्जियों के रेट कम होने से उनके चेहरों पर मुस्कुराहट नजर आई। कम बजट में थैला भरकर सब्जियां खरीदी। खासकर हरी पत्तीदार सब्जियां सस्ती रही जिसे लोगों ने खूब खरीदा। सब्जी पसरा व्यवसायी देवकी पटेल ने बताया कि रविवार को गोभी, टमाटर, मूली, लौकी, नवलगोल 10 रूपये किलो बिका। कुम्हड़ा, पत्तागोभी 20 तो हरा धनिया, मेथी भाजी, भटा, केला, सेमी 30 रूपये किलो बिका। गाजर 40 में बिका तो वहीं कुंदरू, बरबटी, हरी मिर्च, शिमला मिर्च, परवल की कीमत 50 रूपये थी। करेला, डोड़का, तोराई, कोचई, कटहल 60 रूपये किलो में बिका। भिंडी, ग्वारफल्ली, अदरक, ढेंस 80 रूपये किलो रहा। हाईब्रिड मुनगा 120 रूपये, देशी मुनगा 200-250 रूपये किलो बिका। बिंस 60 से 80 के बीच रहा।

### आलू-प्याज 30 रुपए किलो



किराना सामान के दाम इस सप्ताह सामान्य रहे। कुछ सामान के दाम कम हुए हैं। किराना व्यापारी विजय कोटवानी ने बताया कि रविवार को आलू- प्याज 30 रूपये किलो बिका। शक्कर 40, गुड़ 50, खड़ी हल्दी 200, खड़ी मिर्च 250, खड़ा धनिया 130, जीरा 400, काली मिर्च 800, लहसुन 250-300, रिफाइंड तेल 140, सरसों 75, मेथी 120, राहर दाल 130-160, मूंगदाल 100, उड़द दाल 110, मसूर दाल 85, चना देशी 80, काबुली चना 120, मटर सफेद 50, मटर हरा 70, चना दाल 95, पोहा 50 रूपये किलो रहा। अंडा इस सप्ताह 80 रूपये दर्जन रहा।

पाठक सूचना
धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
मो. 9826114710, 9993322768 9098324969

## खबर संक्षेप



### नववर्ष पर भव्य डीजे डांस प्रतियोगिता 31 को

**कोर्रा(भखारा)।** ग्राम रामपुर में कर्मा मंदिर प्रांगण में नववर्ष महोत्सव एवं रात्रि में डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन 31 दिसंबर मंगलवार को जय मां कर्मा युवा समिति एवं समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से किया जा रहा है। प्रतियोगिता में सामूहिक नृत्य में प्रथम पुरस्कार 5001 आयोजक समिति द्वारा, द्वितीय 3001 रुपया सुभाष सेन सरपंच ग्राम पंचायत रामपुर द्वारा, तृतीय पुरस्कार 2001 ललित सांवरे द्वारा एवं एकल डांस में प्रथम पुरस्कार 2001 रुपया भोजेद साहू द्वारा, द्वितीय पुरस्कार 1501 सनत कुमार साहू द्वारा, तृतीय पुरस्कार 1001 रुपया लिलेश कुमार द्वारा दिया जायेगा। इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रवेश शुल्क 101 रखा गया है। कार्यक्रम की तैयारी में गुलशन कुमार, होमेश साहू, विवेक साहू, गणेश कुमार, लाल साहू, दुर्गेश, रानू लाल, रवि शंकर, निलेश कुमार, जितेश सेन, कौशल कुमार, मोहित साहू, थानेश्वर साहू, कोमल साहू, रमेश कुमार, साहिल कुमार, लकी निषाद, विनय कुमार, ओमप्रकाश निषाद, राहुल कुमार, मोनू आदि जुटे हुए हैं।

### बकली में सत्संग समारोह 1 जनवरी से

**सिर्री।** ग्राम बकली में कबीर सत्संग समिति एवं समस्त ग्रामीणों के सहयोग से 1 से 3 जनवरी तक त्रिदिवसीय भव्य कबीर सत्संग समारोह का आयोजन रखा गया है। जिसके प्रवचनकर्ता साध्वी चंद्रकला साहेब होंगे। 1 जनवरी को प्रवचन एवम भजन दोपहर 2 से 5 बजे तक होगा। 2 और 3 जनवरी को प्रवचन सुबह 10 से 1 बजे तक एवम दोपहर 3 से 5 बजे तक किया जायेगा। उक्त जानकारी मिलेश्वर देवांगन ने दी।

### राष्ट्रीय राजमार्ग पर शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर कार्रवाई शुरू, लाइसेंस होंगे निरस्त

**कांकेर।** खंडी नदी पुलिया भानुप्रतापपुर के पास दो दिन पहले हुई दर्दनाक सड़क हादसा में पांच लोगो की मौत होने के बाद यातायात विभाग ज्यादा ही सक्रिय हो गया। सड़क दुर्घटना में रोक लगाने के लिए यातायात विभाग लगातार प्रयास कर रही है। चेक पोस्ट लगाकर ओवर स्पीड वाहन और शराब पीकर वाहन चलाने वालो के खिलाफ कार्यवाही लगातार किया जा रहा है।



खंडी नदी पुलिया के पास 27 नवंबर को चार पहिया वाहन के चालक ने दो बाईक को जबरदस्त टक्कर मार दिया था। टक्कर इतना भयंकर था कि हादसे में पांच लोगो की मौत हो गई, जिससे दो कॉलेज के छात्रा थे। चारपहिया वाहन का चालक शराब के नशे में धुत था, जिसके कारण वह वाहन से नियंत्रण हो गया और गंभीर हादसा हो गया। शराब पीकर वाहन चलाने और तेज रफ्तार से वाहन चलाते के ऊपर अब कार्यवाही करने के लिए यातायात पुलिस ने चेक पोस्ट लगाकर सघन जांच कर रही है। राष्ट्रीय राजमार्ग 30 में आतुरगांव में ढाबा के आगे 29 दिसंबर की रात को चेक पोस्ट लगाकर राष्ट्रीय राजमार्ग से गुजरने वाले सभी चार पहिया वाहनों की जाँच किया गया। सभी वाहनों के चालकों का ब्रेथ एनालाईजर से जाँच किया गया।

गुप्त रोगी स्वयं मिलें
स्त्री पुरूष गुप्त रोग नपुंसकता, उत्तेजना कम होना, हस्तमैथुन द्वारा नसों में कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, गुप्त अंग का छोटापन, शुक्राणु की कमी, पेशाब में धातु जाना, पेशाब में जलन होना, शुगर से आई हुई सेक्स में कमी व पुराने से पुराने गुप्त रोगी संपर्क करें
संजीवनी
आयुर्वेदिक दवाखाना
बस्तर रोड, अंबेडकर चौक, मानस डेली नीड्स के सामने, अंगारमोती मेडिकल स्टोर्स के ऊपर, धमतरी मो. 9174466336

## ऐसे में कैसे होगा जल संरक्षण का कार्य पूरा

# मेघा एनीकट का गेट खोल रेत माफिया बहा रहे पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद



एक ओर जिला प्रशासन पानी की एक-एक बूंद को सहेजने लाखों रूपये खर्च कर जागरूकता कार्यक्रम चला रहा है तो वहीं दूसरी ओर जल को संरक्षित करने जिले में बनाये गये एनीकट को खोल दिया है। ऐसे में जिले के अंदर जल संरक्षण का कार्य कैसे पूरा होगा।

कुरूद नगर की प्यास बुझाने वाली महानदी मेघा एनीकट के सभी गेट को खोलकर रेत माफिया हर वर्ष पूरा का पूरा पानी बहा देते हैं और अंधाधुंध रात दिन रेत की अवैध ढुलाई करते है। अभी दिसंबर का माह भी खत्म नहीं हुआ है। आगे मई, जून की भीषण गर्मी बाकी है और मेघा एनीकट को पूरा खाली कर दिया है। ऐसे में पानी संरक्षित की बात करने वाले प्रशासन के लोग नदारद हैं।

इस संदर्भ में जनता कांग्रेस छत्तीसगढ (जे) के धमतरी जिला अध्यक्ष तेजेश्वर कुर्रे ने कहा कि जिला प्रशासन एक-एक बूंद पानी को सहेजने शासन लाखों रूपये जल जगार कार्यक्रम में खर्च कर रहा है और जागरूकता कार्यक्रम चला कर खूब वाहवाही लूट रहा है। वहीं दूसरी ओर प्रशासन की नाक के नीचे एनजीटी के नियम को आइना दिखाते हुए रेत माफिया खोदकर अंधाधुंध रेत ढुलाई में लगे। यह खेल एनीकट बनने के बाद से बदस्तूर जारी है। कुरूद ब्लाक के रेत माफिया मेघा महानदी मेघा पुल के आधार स्तम्भ के गेट के नीचे धरातल से धरातल तक को खोद कर रेत ढुलाई करने के कारण ही महानदी मेघा पुल क्षतिग्रस्त होने के कारण रास्ता बंद है। स्कूली, कॉलेज के बच्चे, राहगीर, व्यवसायी, आम नागरिक भुगत रहे हैं।

### कुरुद की प्यास कैसे बुझेगी

अभी भीषण गर्मी बाकी है। कुरूद की प्यास कैसे बुझेगी। एनीकट खाली होते ही एनीकट के बोर से पानी की धार पतली हो जाता है और रूक -रूककर पानी आने से पानी टंकी ठीक से नहीं भर पाने के कारण वार्डों के घरों में ठीक से पानी सप्लाई नहीं होती है वहीं एनीकट के पास के गांवों के बोर भी हांफने लगते हैं। रेत माफिया एनीकट के आसपास रेत निकालकर नदी को मैदान में तब्दील कर रहे हैं।

## देवरी के किसान 5 एकड़ भूमि में ले रहे अंतरवर्तीय फसल, हो रही अच्छी आमदनी

# मिश्रित पौधरोपण कार्य से योगेश की बदली तकदीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी





मनरेगा योजना के तहत धमतरी विकासखण्ड के ग्राम पंचायत देवरी में मिश्रित पौधरोपण कार्य होने से योगेश चन्द्राकर की तकदीर बदल गई। एक ओर योगेश के जीवन में खुशहाली आई दूसरी ओर आर्थिक रूप से समृद्ध हुए। योगेश चन्द्राकर ने मिश्रित पौधरोपण कार्य में अंतरवर्तीय फसल टमाटर, बैगन, धनिया, मिर्च, फूलगोभी, प्याजभाजी लेने का फैसला लिया। इसी का परिणाम है कि मिश्रित पौधरोपण कार्य में अंतरवर्तीय फसल को आमदनी का जरिया मानते हुए परिवार को समृद्धि की ओर ले रहा है। वह क्षेत्र के किसानों के लिए एक उदाहरण बने हुए हैं। मनरेगा योजना अंतर्गत राशि 13.85 लाख रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति से कुल 5 एकड़ भूमि में मिश्रित पौधरोपण कार्य कराये हैं। इस योजना के तहत सीताफल, आंवला, मुनगा, केला, पपीता, अमरुद, नींबू, कटहल, हल्दी, बोहारभाजी, आम, जामुन, बेर एवं करौंदा जैसी विभिन्न प्रजाति के पौधे रोपण होने से किसान योगेश चन्द्राकर को अर्थव्यवस्था में वृद्धि के लिए नई जिंदगी मिली है। परिवार की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में मदद मिलेगी।

योगेश ने बताया कि कड़ी मेहनत, दृढ़ निश्चय और जीवन में कुछ कर गुजरने के जज्बे से मिश्रित पौधरोपण कार्य में अंतरवर्ती फसल उत्पादन कर मेहनत को सार्थक कर दिखाया। घर के उपयोगी के अलावा सब्जी विक्रय से 10 हजार रूपये प्रतिमाह की आमदनी से परिवार का पालन पोषण बेहतर ढंग से किया जा रहा है।

# नगरी ब्लाक के निवेशकों ने पैसा वापस दिलाने नरेंद्र मोदी से लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶सांकरा

नगरी सिहावा आदिवासी बहुमूल्य क्षेत्र के नाम से जाना जाता है। यहां लोग पिछड़ी जनजाति कमार भुंजिया आदिवासी लोग ज्यादा निवासरत हैं। यहां के 41218 निवेशकों ने विभिन्न कंपनी में 86,60,51,942 जमा राशि वापसी के लिए पिछले दस वर्षों से मांग कर रहे हैं लेकिन आज तक किसी को भी पैसा वापस नही मिला है। निवेशकों ने आगे बताया कि सभी कंपनी केन्द्र एवं राज्य शासन से पंजीयन करा कर अनेकों नाम से सन 1990 से पूरे भारत एवं छत्तीसगढ में संचालित हो रहा था। कंपनी के नाम सहारा इंडिया, अनमोल इंडिया, प्लस ग्रीन, साईं प्रसाद, साईं प्रकाश, श्री राम गोल्ड, ओम भूमि विकास, प्रज्ञा डेहरीज, एच बी एन डेहरीज, संजीवनी गोल्ड, गुरु कृपा, सनसाईन इफ्रइफ्ल्ड कार्पोरेशन लिमिटेड, आरोग्य धनवर्षा एवं अनेकों नाम से संचालित हो रहा था।



राज्य में कभी भाजपा की सरकार थी तो कभी कांग्रेस की सरकार रही। सभी ने समय समय पर निवेशकों का पैसा वापस दिलाने की बात कही पर किसी ने अब तक कोई ठोस पहल नहीं की। न ही किसी को पैसा वापस मिला। वर्तमान विष्णुदेव सरकार की मोदी जी गारन्टी संकल्प पत्र क्रमांक 17 में वादा किया गया है कि सभी कंपनी के सभी निवेशको का जमा पैसा वापस किया जाएगा। भाजपा सरकार बने 1 वर्ष से उपर हो गया है लेकिन कंपनी मामले में गंभीर नही दिख रहे हैं जिस से सभी निवेशकों में निराशा का माहौल बना हुआ है। कई निवेशकों प्रधानमंत्री जी से मांग की है कि उन्हें जल्द से जल्द फर्जी कंपनियों से उनके खून पसीने की कमाई वापस दिलाई जाए।

मांग करने वालों में रमेश कुमार कमार, मनोज कुमार प्रजापति, चंदनलाल साहू, जनमेजय साहू, रोशन साहू, प्रवीण यादव, रेखूराम साहू, सुरेन्द्र साहू, तेजकुमार साहू, भगवान साहू, मानसींग साहू, प्रेमलाल कमार, अमरसिंह कमार, राजकुमार कमार, बुधराम कमार, कुमारीबाई कमार, प्रेमबती कमार, चरणसिंह कमार, मुकेश कमार, पन्नालाल कमार, बृजबती कमार, हिरासिंह कमार, हिरुलाल कमार, सोनूराम कमार, मधुराम कमार, पिलाराम कमार, जंगलसिंह कमार, प्रभूलाल कमार, खुखतीनबाई कमार, बिराजोबाई कमार, हिरालाल कोषरे, दिवान धुव्र, मालती निषाद, हेमलाल साहू, धनुराम साहू, सुकराम साहू, राकेश कोड़ोपी, परमानन्द केवती, धनराज साहू, पूरन यादव, ललित साहू, रामूलाल साहू, चेतना बिसेन, नूतन साहू, खेमिन साहू, उर्मिला साहू, जानकी निषाद, महेंद्र धुव्र, तरून धुव्र, कमलेश नाग, दिनेश नाग, पितम धुव्र, लेखन मरकाम, यशोदा साहू, अशोक ग्वाले, अशोक साहू, लखन साहु, रामभुवन कोसरे आदि शामिल हैं।


### पंजीयन नवीनीकरण हेतु आवेदन 31 तक

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल के गठन से अब तक ऐसे पंजीकृत निर्माण श्रमिक, जिनके पंजीयन की वैधता समाप्त हुए 1 वर्ष या उससे अधिक का समय हो चुका है तथा उनके द्वारा पंजीयन नवीनीकरण हेतु आवेदन प्रस्तुत नहीं किया गया है, वे आगामी 31 दिसम्बर तक नवीनीकरण हेतु श्रमेव जयते मोबाईल एप्प/ मुख्यमंत्री श्रम संसाधन केन्द्र/ विभागीय वेबसाईट अथवा च्वाईस सेंटर के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। श्रम पदाधिकारी ने बताया कि 31 दिसम्बर के बाद ऐसे अनवीनीकृत पंजीयन को अपंजीकृत माना जाएगा।

# कांग्रेसियों ने पूर्व प्रधानमंत्री को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

पूर्व प्रधानमंत्री स्व. डा. मनमोहन सिंह को कांग्रेसियों ने स्थानीय कांग्रेस भवन में भावभीनी श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि स्व. सिंह के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। गवर्नर, वित्त मंत्री से प्रधानमंत्री तक का उनका सफर बहुत ही चुनौतीपूर्ण था। लेकिन अपने अदम्य साहस व दूरदर्शी सोच से देश को आर्थिक मजबूती के साथ विश्व में विशेष स्थान दिलाया। कांग्रेसियों ने कहा कि उनके प्रधानमंत्री कार्यकल में शिक्षा का अधिकार, भोजन का अधिकार, सूचना का अधिकार, मनरेगा जैसी बहुत सी योजनाएं हमेशा प्रसांगिक रहेगी।




इस अवसर पर ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आशीष शर्मा, पूर्व राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त राजकुमारी दीवान, नगर पंचायत अध्यक्ष तपन चन्द्राकर, वरिष्ठ नेता प्रहलाद चंद्राकर, पूर्व ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रमेश्वर साहू, पूर्व प्रदेश सेवादल संयोजक रवि शर्मा, पार्षद देवव्रत साहू, पूर्व एल्डरमैन मनोज अग्रवाल, ब्लाक कांग्रेस महामंत्री महिम शुक्ला, लव चन्द्राकर, लेखराम साहू, जितेन्द्र साहू, उमेश साहू सहित अनेक कांग्रेसी उपस्थित थे।

# पंचायत भृत्यों ने सांख्येत्तर पद की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶डांडेसरा(धमतरी)

ग्राम पंचायत भृत्य कल्याण संघ की जिला स्तरीय बैठक मिशन ग्राउंड रत्नाबांधा धमतरी में हुई। प्रदेश अध्यक्ष सोमनाथ तारक ने कहा कि त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव से पहले प्रदेश के 11664 ग्राम पंचायत में कार्यरत भृत्य के लिए संख्योत्तर पद स्वीकृत करने एवं श्रेणी निर्धारण कर वार्षिक बजट फरवरी-मार्च 2025 में तैयार करने की मांग मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं पंचायत गृहमंत्री विजय शर्मा से की है। प्रदेश के 11664 ग्राम पंचायत भृत्य ने सरकार से जल्द से जल्द मांग को पूरा करने की मांग की। बैठक में प्रदेश कार्यकारिणी अध्यक्ष जसवंत शाण्डिल्य, प्रदेश कोषाध्यक्ष देवसिंग पोटाई, परमानंद देवदास, भुनेश्वर साहू, धमतरी जिलाध्यक्ष लक्ष्मीनारायण साहू टिकेश्वर साहू, पीताम्बर निर्मलकर, मोहन सिन्हा, रूपेश पटेल, हरिराम ध्रुव, चिन्ताराम साहू, युवराज यादव, कन्हैया सोनी, राजेश साहू, राकेश साहू, मुरली साहू, लालाराम सिन्हा उपस्थित थे।



# मड़ेली में सीसी रोड व नाली निर्माण के लिए हुआ भूमिपूजन



**जीजामगांव।** ग्राम मड़ेली में नाली एवं सीसी रोड का भूमिपूजन जनपद अध्यक्ष शारदा साहू ने किया। जनपद विकास निधि मद से 1 लाख रुपये सीसी रोड निर्माण एवं 2 लाख रुपये नाली निर्माण के लिए स्वीकृत हुए है। मौके पर सरपंच लक्ष्मी नारायण साहू, सुरेश्वरी साहू पंच, पुष्पा साहू, दिनेश महंत, ताराचंद साहू, शिव बैस, महेतरू यादव, मूलचंद, रूपराम, रिखी, बसंती निर्मलकर, मुकुंद साहू सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित थे।

# मारागांव में मां शाकंभरी की हुई पूजा-अर्चना

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

ग्राम मारागांव में कोसरिया मरार पटेल समाज द्वारा समाज की ईष्ट देवी मां शाकंभरी की पूजा-अर्चना की गई। राजा लतखोर पटेल, नारायण सिंह ने सामाजिक बंधुओं से समाज द्वारा बनाये गये नियम को समाजिक स्तर पर अपनाने की बात कही। सिहावा राज कोसरिया मरार पटेल समाज संरक्षक अमर सिंह पटेल ने समाज की रीति रिवाज को ससम्मान अपनाने व समाज के हर कार्य में शामिल होने की बात कही।

सिहावा राज अध्यक्ष कन्हैयालाल कौशल ने कहा कि समाज के हर कार्य में बढ़- चढ़कर हिस्सा लें और लोगों को आगे बढ़ाने का प्रयास करें। युवा वर्ग के साथ कंधा से कंधा मिलाकर चलें। हर कार्य में युवा वर्ग की पूछपरख करें, तभी उनका मनोबल बढ़ेगा।



मौके पर मोतीलाल पटेल उपाध्यक्ष सिहावा राज मारागांव, कुंजलाल पटेल न्याय पंच मारागांव, बृजलाल पटेल ग्रामीण अध्यक्ष, नंदकुमार पटेल युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष, डामे पटेल, दिलीप पटेल सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी राजू पटेल ने दी है।

# जोरातराई में सरपंच ने पिता के नाम पौधे रोपे



**अंवरी।** ग्राम पंचायत जोरातराई में सरपंच खिलावन पाल ने पिता के नाम पौधरोपण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पौधरोपण करने से पर्यावरण संतुलन बना रहता है। लोगों को अधिक से अधिक पेड़ लगाना चाहिए। पेड़ सभी के लिए बहुत जरूरी है। मौके पर ग्रामीणों ने फलदार पौधे भी लगाए।

## वन बंधु परिषद, फ्रेंड्स ऑफ ट्राइवल्स समिति ने एकल विद्यालय व श्रृंगी ऋषि स्थल का किया भ्रमण

# बच्चों के साथ छत्तीसगढ़ी और आदिवासी नृत्य पर जमकर थिरके वनयात्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

वन बंधु परिषद, फ्रेंड्स ऑफ ट्राइवल्स समिति रायपुर चैप्टर द्वारा वनांचल के एकल विद्यालय बोकराबेड़ा एवं श्रृंगी ऋषि आश्रम वन यात्रा का आयोजन किया गया। ऐसा कम ही होता है कि संपन्न शहरी समाज सुदूर वनांचल में रहने वाले वानप्रस्थी पूर्वजों के वंशजों से मिलने उनके घर जाता हो। युगदृष्टा स्वामी विवेकानंद ने भारतीय समाज को स्पष्ट संदेश दिया कि अगर बच्चे अध्ययन हेतु विद्यालयों तक नहीं पहुंच सकते तो विद्यालयों एवं शिक्षकों को उन तक पहुंचना होगा। इसी बात को इस संगठन ने चरितार्थ किया है। यात्रा का प्रथम विश्राम बजरंग चौक नगरी में हुआ जहां एकल संच नगरी के साथियों ने छत्तीसगढ़ से कौने-कौने से पहुंचे सेवाभावी वन यात्रियों का स्वागत किया। एकल विद्यालय संच के ग्राम स्वराज प्रभारी महेंद्र नेताम, आरपी साहू व विमल मिश्रा ने बताया कि एकल विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा



आयोजित बाल आनंद मेला, योग, श्लोक, नृत्य नाटिका के साथ संस्कार, शिक्षा ने सभी का मन मोह लिया। सभी वनयात्री बच्चों के साथ छत्तीसगढ़ी और आदिवासी नृत्य पर झूमकर थिरके।

प्रकल्प प्रभारी अनिल डागा, कार्यकारी अध्यक्ष दीपक भीमसरिया, पवन कौशिक, वीरेंद्र नाथ पंडित, महिला समिति अध्यक्ष कांता सिंघानिया, उपाध्यक्ष अनीता खंडेलवाल, सचिव सरिता रेखानी ने एकल विद्यालय के विद्यार्थियों एवं ग्राम समिति के सदस्यों को उपहार प्रदान किया।

मौके पर नगरी एकल संच के प्रयाग बिसेन, डा. जीआर देवांगन, मोतीलाल दिवाकर, दिनेश्वरी नेताम, आराधना शुक्ला, प्रतिमा देवांगन, प्रेमलता नागवंशी, लक्ष्मी ठाकरे, चेलेश्वरी साहू, हेमलता साहू, हेमलता यादव, विनीता, भोजलाल सोरी, रवि दुबे, राजेश गोसाई, अभिनव अवस्थी सहित बोकराबेड़ा के शिक्षक, संच नगरी के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### जरूरतमंद परिवारों को वितरित किया कंबल

**चारामा।** इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी एवं युवा शक्ति समाज सेवी संस्था के संयुक्त तत्वाधान में चिन्हांकित परिवार को कंबल वितरण कर ठंड से थोड़ा निजात पाने में मदद के लिए योगदान दिया गया। दोनो संस्थाएं कई वर्षों से सेवाभावी कार्यों में अपना सेवा दे रही हैं। इस कार्य के अलावा संस्थाओं के द्वारा रक्तदान, गौवंश सेवा, जरूरत मंद परिवार का अनेक प्रकार से सहायता, लावारिश लाशों का अंतिम संस्कार, मुक्तिधाम में लकड़ी कंडा की व्यवस्था करते आ रहे हैं। इस अवसर पर दोनो समितियों के पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे।

### सड़क दुर्घटना में युवक की हुई मौत

**कांकेर।** कोड़ेकुर्सी थानांतर्गत गुरदाटोला निवासी 22 वर्षीय मिनेश गावड़े का सड़क दुर्घटना में 28 दिसंबर को मौत हो गया। कोड़ेकुर्सी निवासी मनटूराम ने पुलिस को बताया कि मृतक को सड़क दुर्घटना में गंभीर चोट आया था, जिसके कारण उसका मौत हो गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### इलाज के दौरान हुई तीन लोगों की मौत

**कांकेर।** पखांजुर थानांतर्गत पीव्ही 30 निवासी 19 वर्षीय जीत मंडल का ईलाज के दौरान 5 अगस्त को रायपुर के मेकाहरा अस्पताल में मौत हो गया। छोटे कापसी निवासी 28 वर्षीय बिलास मंडल को ईलाज के लिए रायपुर के मेकाहरा अस्पताल में भर्ती किया गया था, जिसका ईलाज के दौरान 6 सितंबर को मौत हो गया। गोण्डाहूर निवासी 17 वर्षीय अंजली मंडल का ईलाज के दौरान 29 जून को ईलाज के दौरान रायपुर के मेकाहरा अस्पताल में मौत हो गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### मुख्यमंत्री साय अटल जी के सपने को पूरा कर रहे : कामता प्रसाद

# अंवरी सोसाइटी में किसानों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंवरी




प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति अंवरी में गत दिनों कृषक संगोष्ठी सह कृषक सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में किसानों का सम्मान समिति अध्यक्ष कामता प्रसाद साहू, समिति प्रबंधक हनुमान सिन्हा ने पुष्पहार और गुलाल लगाकर किया। इस अवसर पर किसानों को बैंक की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई।किसानों को बताया गया कि रबी फसल ऋण कैसे प्राप्त कर सकते हैं। समिति के अधिकारियों ने ऋण प्रक्रिया को सरल तरीके से समझाया। इसके अलावा माइक्रो एटीएम की सुविधाओं के बारे में भी बताया गया। किसानों को राशि आहरण, जमा, एक खाते से दूसरे खाते में धन अंतरण, पिन जनरेट और पिन रिसेट की प्रक्रिया समझाई गई। कार्यक्रम के दौरान समिति के एक किसान को उनके एटीएम के माध्यम से 10 हजार रुपये का भुगतान किया गया। समिति अध्यक्ष कामता प्रसाद साहू ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय अटल जी के सपने को पूरा कर रहे हैं। अटलजी कुशल राजनीतिज्ञ होने के साथ एक ओजस्वी वक्ता और कवि थे। अटल जी की याद में उनका जन्मदिन सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाता है। अटल जी का सपना था- एक सशक्त,समृद्ध और खुशहाल भारत। उसी सपने को साकार करते हुए छत्तीसगढ़ आज शिक्षा, स्वास्थ्य, आधारभूत संरचना और सामाजिक कल्याण के क्षेत्र में नया आयाम स्थापित कर रहा है। मौके पर प्राधिकृत अधिकारी कामता प्रसाद साहू, प्रबंधक हनुमान सिन्हा, लेखराम साहू, गंगा प्रसाद साहू, आनंद यदु, शिवकुमार साहू, भूपेंद्र साहू, लखन अग्रवाल, लोकेश गायकवाड़, इंदल राम, कृष्ण कुमार सहित बड़ी संख्या में कृषक उपस्थित थे।

# युवाओं ने सीखी टमाटर केचअप, फलों का स्क्वैश, अमरूद कैंडी बनाने की प्रक्रिया

- कृषि विज्ञान केंद्र में ग्रामीण युवाओं को दिया गया कौशल प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी




कृषि विज्ञान केंद्र में फलों एवं सब्जियों के उपरांत प्रसंस्करण एवं मछली पालन एवं प्रबंधन विषय पर ग्रामीण युवाओं के लिए कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों, युवाओं और महिलाओं को फलों एवं सब्जियों के प्रसंस्करण और मूल्य संवर्धन एवं मछली पालन के माध्यम से स्वरोजगार की दिशा में प्रेरित करना था।

कार्यक्रम डॉ ईश्वर सिंह वरिष्ठ वैज्ञानिक के मार्गदर्शन में हुआ। प्रशिक्षण समन्वयक डॉ. अमित सिन्हा, मनीषा खापर्डे वैज्ञानिक थे। श्री सिन्हा ने प्रशिक्षणार्थियों को प्रसंस्करण की आधुनिक तकनीकों, उपकरणों के उपयोग और गुणवत्ता मानकों पर जानकारी दी। प्रतिभागियों ने टमाटर केचअप, विभिन्न फलों का स्क्वैश, अमरूद कैंडी और पपीता कैंडी बनाने की प्रक्रिया सीखी। मनीषा खापर्डे ने पालने योग्य मछली प्रजाति की जानकारी दी। सीमा नेताम सहायक मत्स्य अधिकारी ने मछली पालन विभाग की विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया। अतुल सिन्हा मत्स्य अधिकारी देमार हैचरी ने भ्रमण के दौरान फिश हैचरी नर तथा मादा बुडर तथा फिश बीज, स्पान, फ्राई अगुलिका को दिखाया। डॉ अमित कुमार ने कहा कि मछली प्रसंस्करण और संरक्षण का मुख्य उद्देश्य मछलियों को अधिक समय तक ताजा और उपयोगी बनाए रखना है। डॉ शक्ति वर्मा ने जलीय कीट , जलीय खरपतवार एवं उनके प्रबंधन के बारे में जानकारी दी।

# तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के कैलेंडर का विमोचन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

छत्तीसगढ़ तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ जिला शाखा धमतरी के वार्षिक कैलेंडर का विमोचन विधायक कुरुद अजय चंद्राकर ने किया। अन्य अतिथि मालक राम साहू पूर्व कर्मचारी नेता, एलपी गोस्वामी वरिष्ठ अधिवक्ता, कृपाराम यादव वरिष्ठ पत्रकार, सुरेश अग्रवाल भाजपा नेता थे। जिला अध्यक्ष चंदूलाल चंद्राकर एवं ब्लाक अध्यक्ष कुरुद राजेश पाण्डेय ने विधायक से तहसील शाखा कुरुद में कर्मचारी भवन हेतु जगह प्रस्तावित कर निर्माण हेतु 20 लाख रूपये के स्वेच्छा अनुदान की मांग की। साथ ही कर्मचारियों के हित में संगठन द्वारा किये जा रहे कार्यों से विधायक को अवगत कराया। मौके पर महेंद्र साहू प्रधानपाठक, सुमन शर्मा, फनेन्द्र ध्रुव समेत अन्य उपस्थित थे।

### भाजपा मंडल मेघा ने अटल को किया नमन

**मगरलोड।** भाजपा मंडल मेघा के कार्यकर्ताओं ने मेघा के अटल चौक में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती को सुशासन दिवस के रूप में मनाया। मौके पर भाजपा मंडल मेघा अध्यक्ष कल्याण सिंह राजपूत, महामंत्री संतोष सोनी साहू, केवल पंच सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# भाजपा जिलाध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं के साथ सुनी मन की बात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी



भाजपा मंडल नगरी के बूथ क्रमांक 149 के बूथ अध्यक्ष विकास जैन के निवास स्थान में भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस ने अपने कार्यकर्ताओं के साथ मन की बात का 117 वां एपिसोड सुना। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात में संविधान को अपनी सरकार का मार्गदर्शक बताया। पीएम मोदी ने कहा कि जनवरी माह में भारतीय संविधान के 75 वर्ष पूरे हो रहे हैं। इस बड़े मौके का सम्मान करने के लिए सरकार ने राष्ट्रव्यापी अभियान बनाया है जिसमें नागरिकों को संविधान की प्रस्तावना पढ़ते हुए अपना वीडियो साझा करने के लिए आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस, वरिष्ठ कमल डागा पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष नागेंद्र शुक्ला, नगर पंचायत उपाध्यक्ष अजय नाहटा, मंडल महामंत्री हृदय साहू, मंडल अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, सुरेश साहू, विकास जैन, प्रकाश सोनी, रमेश कश्यप उपस्थित थे।

### कौहाबाहरा में पूर्व प्रधानमंत्री को किया स्मरण

**नगरी।** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती अटल चौक कौहाबाहरा में धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि दिनेश्वरी नेताम जनपद अध्यक्ष नगरी, विशेष अतिथि शिवा नेताम सरपंच कौहाबाहरा, रामकुंवर मंडावी सरपंच दुगली, महेन्द्र नेताम सरपंच मुनईकेरा, दसरूराम नेताम ग्राम प्रमुख, कन्हैया लाल मरकाम ग्रामीण अध्यक्ष, जयसिंह सोरी ग्राम प्रमुख थे। जनपद अध्यक्ष दिनेश्वरी नेताम ने अटल बिहारी वाजपेयी की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए देश हित में किये उनके कार्यों को याद किया। महेन्द्र नेताम एवं शिवा नेताम ने भी अपने विचार रखे।

# आमापारा वार्ड के पार्षद एवं बूथ अध्यक्ष ने सुनी मन की बात



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

आमापारा वार्ड के बूथ क्रमांक 144 में पार्षद विजय मोटवानी, बूथ अध्यक्ष विशाल त्रिवेदी सहित गणमान्य नागरिकों व भाजपपा कार्यकर्ताओं ने पीएम मोदी के मन की बात सुनी।

श्री मोटवानी ने अनौपचारिक चर्चा में बताया कि समाज के अंतिम छोर के अंतिम व्यक्ति तक प्रधानमंत्री के पहुंचाने की ललक उनके संबोधन में दिखाई देती है जो जनता के प्रति संवेदनशील व्यवहार को प्रदर्शित करता है।

विशाल त्रिवेदी ने कहा कि बस्तर के सुकमा, बीजापुर, नारायणपुर क्षेत्र के खिलाड़ियों का नाम लेने के पश्चात बस्तर ओलंपिक को देश के मानचित्र पर उकेरते हुए श्री मोदी ने यह बता दिया कि वह दिल्ली में बैठकर भारत के कोने-कोने की चिंता करते हैं। मौके पर नीतू त्रिवेदी, संकेत गोलछा, विवेक मोटवानी, युग त्रिवेदी उपस्थित थे।

# विधायक ने गुप्ता समाज के पदाधिकारियों को दिलाई शपथ




- समाज के प्रतिभावान बच्चों, रक्तदान करने वालों का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

कंसौधन वैश्य गुप्ता समाज के नव नियुक्त पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह रत्नाबांधा मंगलम भवन में हुआ। इस दौरान समाज के प्रतिभावान बच्चों, नवविवाहित जोड़ों, रक्तदान करने वालों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर विधायक ओंकार साहू ने कहा कि गुप्ता समाज प्रगतिशील समाज है। किसी भी समाज के विकास के लिए शिक्षा बहुत जरुरी है। उन्होंने कहा कि मृत्यु भोज में पकवान बनाने की जगह सादा भोजन परोसा जाना चाहिए। विधायक ने नवनियुक्त गुप्ता समाज के पदाधिकारियों को शपथ दिलाकर उन्हें समाज के उत्थान के लिए समर्पित रहने को कहा।

मौके पर प्रदीप गुप्ता अध्यक्ष गुप्ता समाज, राजेश गुप्ता उपाध्यक्ष, विजय साहेब गोस्वामी सचिव, प्रकाश गुप्ता, संजय गुप्ता कोषाध्यक्ष, नारायण प्रसाद गुप्ता, राजेंद्र गुप्ता, अमरनाथ गुप्ता, किरण साहेब, धनराज गुप्ता, संजय गुप्ता, डा. राधेश्याम गुप्ता, विजय गोस्वामी, अनिल साहे, राहुल साहेब, दिलीप गुप्ता, प्रगति गोस्वामी, श्वेता गुप्ता, संगीता गुप्ता समेत बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

# अटल जी के जीवन और साहित्यिक योगदान पर प्रकाश डाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मोत्सव पर साहित्य सृजन और विचार अभिव्यक्ति को प्रोत्साहित करने के लिए जननी सेवा संस्थान अर्जुनी धमतरी, भारतीय शिक्षण मंडल धमतरी और राष्ट्रीय सेवा योजना खरेंगा के संयुक्त तत्वावधान में वंदे मातरम इंग्लिश मीडियम स्कूल में काव्योदय कार्यक्रम आयोजित किया गया।

प्रमुख वक्ता सुबोध राठी राष्ट्रीय गौ सेवक संघ, उमेश साहू पूर्व सांसद प्रतिनिधि, राकेश पांडे प्राचार्य, केएल उद्यान महाविद्यालय, भुनेश्वर प्रसाद साहू, आकाश गिरी गोस्वामी, डुमन लाल ध्रुव ने अटल जी के जीवन और साहित्यिक योगदान पर प्रकाश डालते हुए उनके राष्ट्रवादी विचार, सुशासन और कविताओं की प्रासंगिकता को रेखांकित किया। उन्होंने युवाओं को गद्य और पद्य लेखन के लिए प्रेरित किया।

इस दौरान अटल जी की कविताओं का पाठ और उनके जीवन पर आधारित साहित्य सृजन का कार्यक्रम हुआ। प्रतिभागियों ने मौलिक रचनाएं प्रस्तुत की। संचालन शेषनारायण गजेंद्र ने किया।

### करेली बड़ी में छत्तीसगढ़ राज्य निर्माता को किया याद

**मगरलोड।** उपतहसील करेली बड़ी के अटल चौक में अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म दिवस को सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया। जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने श्री वाजपेयी के छायाचित्र में माल्यार्पण किया। सचिव दुष्यंत पटेल, सरपंच डोमारसिंह साहू ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी एक कुशल वक्ता और राजनेता थे। उन्होंने छत्तीसगढ़ राज्य निर्माता कहा जाता है। श्री पटेल ने बताया कि आयुष्मान भारत जनआरोग्य अंतर्गत आयुष्मान वय वंदना कार्ड बनाया जा रहा है। यह कार्ड प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में शिविर जारी है। 70 से अधिक उम्र के बुजुर्ग महिला पुरुष इस योजना के तहत पात्र हैं। मौके पर दुलरवा साहू, दानेश्वर सिन्हा, मुकेश सिन्हा, लक्ष्मण साहू, भुवन पाल, सहसचिव मुकेश साहू, भुनुराम निषाद समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

द्वितीय पुण्यतिथि पर विनम्र श्रद्धांजलि



स्व. श्री निरंजन साहू जी
पूर्व सरपंच ग्राम पंचायत बेलोरा
जन्मतिथि : 27.06.1956 // निर्वाण तिथि : 30.12.2022

श्रद्धांजलि कार्यक्रम
दिनांक : 30 दिसम्बर 2024 सोमवार
: स्थान :
निज निवास ग्राम बेलोरा, वि.खं.- मगरलोड

- विनीत -
श्रीमती पार्वती साहू (पत्नी)
श्रीमती नीराबाई साहू (पत्नी)
जानकीबाई साहू (बहू)
छबिलाल-रीनाबाई साहू (पुत्र-बहू)
किरण-टेमन साहू (बेटी-दामाद)
नूतन-पुरूषोत्तम साहू (बेटी-दामाद)
राजू, चिन्टू, पिंटू, पप्पू
एवं समस्त गायग्वाल परिवार ग्राम बेलोरा



घर, खेत एवं प्लाट में पानी जांच करवाने के लिए संपर्क करे
देश के नंबर 1 ग्राउंड वाटर चेकर Sorry bhai से
SORRY BHAI ड्राई जगहों मे पानी निकाल कर देने की ठेका लेते है
ऐसे लोग जो बार-बार बोर करवा कर परेशान हो चूके है फिर भी पानी नही निकाल पा रहे है तो SORRY BHAI को पानी निकाल कर देने के लिए ठेका दे दो।
अधिक जानकारी के लिए हमारे यूट्यूब चैनल Kisan ka bore को सर्च करे...
मो.: 7000716599, 9301831212
पैसा पानी निकलने के बाद देना

Health Town

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
उपलब्ध पंचकर्म
- बस्ति
- उत्तर बस्ति
- जानु बस्ति

इत्यादि।

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

आवेदन आमंत्रित
पाँच (5) घंटे पन्द्रह हजार (15000)
अपने शहर अपने वार्ड के लिए रहे तैयार।
- स्वयं का वाहन होना चाहिए।
- 12वीं से स्नातक की शिक्षा।
- आवेदक आधार कार्ड, अंक सूची की छायाप्रति के साथ बायोडाटा 2 जनवरी 2025 तक जमा करें।
- किस जिले, शहर, वार्ड में कार्य करना चाहते है आवेदन में दर्शाएं।
- मासिक वेतन का भुगतान बैंक खाते में दिया जायेगा, बैंक खाता होना अनिवार्य है।

आवेदन करें
Gmail:- cir.haribhoomi@gmail.com
हरिभूमि कार्यालय, धमतरी रोड, टिकरापारा, रायपुर

## खबर संक्षेप

### विराट हिन्दू सम्मेलन में सैंकड़ों की घर वापसी

**जगदलपुर।** जांजगीर चांपा जिले के सक्ति में सनातन हिन्दू पंचायत सम्मेलन कार्यक्रम में बस्तर सांसद महेश कश्यप शामिल हुए। विराट हिन्दू सम्मेलन कार्यक्रम में रामबालक दास महाराज , साध्वी प्रज्ञा ठाकुर व भाजपा नेता प्रबल प्रताप जूदेव ने 600 परिवार के लोगों के पैर धुलाकर एवं तिलक लगाकर उन्हें मूल हिन्दू धर्म में वापसी कराया। इस कार्यक्रम में बाबा रामरूप दास, बाबा अजय उपाध्याय ने मौजूद लोगों को धर्म के प्रति प्रवचन के माध्यम से जागरूक किया।

### उद्यानिकी महाविद्यालय में बस्तर के खिलाड़ियों ने जीते मेडल

**जगदलपुर।** शासकीय उद्यानिकी महाविद्यालय में अंतर क्षेत्रीय खेलकूद प्रतियोगिता के दौरान पूरे छत्तीसगढ़ के उद्यानिकी महाविद्यालय से 160 प्रतिभागियों ने भाग लिया। जिसमें शासकीय उद्यानिकी महाविद्यालय, जगदलपुर के खिलाड़ियों ने बैडमिंटन में महिला एकल, महिला डबल्स, पुरुष एकल और पुरुष डबल्स में सभी क्षेत्रों से आए प्रतिभागियों को क्लीन स्वीप करते हुए गोल्ड मेडल प्राप्त किया । इस दौरान विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. दीक्षित ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए खेल भावना से खेलने की हिदायत देते कहा कि अपने सपनों को हकीकत में बदल दो आज तुम सबके पास एक मौका है । उठो और आगे बढ़ो और अपना और अपने परिवार अपने गांव अपने देश का नाम रोशन करो । मैदान में खेल के दौरान अधिकारी, कर्मचारी, खिलाड़ी, राष्ट्रीय सेवा योजना के विकास पटेल के साथ सभी स्वयंसेवक उपस्थित थे।

### अयप्पा स्वामी का 18 कलश महापड़ी पूजा 3 जनवरी को

**भोपालपटनम।** 3 जनवरी को नगर के स्व. राजेंद्र पामभोई मिनी स्टेडियम में अयप्पा स्वामी का 18 कलश महापडी पूजा का आयोजन किया जाएगा। आयोजन अयप्पा स्वामी सेवा समिति भोपालपटनम के द्वारा किया जाएगा। उक्त आयोजन में छत्तीसगढ़ समेत महाराष्ट्र ,तेलंगाना एवम आंध्रप्रदेश के भक्त भी आयेंगे। जिसकी तैयारी जोरो पर चल रही है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए नगर अयप्पा स्वामी समिति भरपूर मेहनत कर रहे हैं तथा अधिक से अधिक लोगों को इस आयोजन में सम्मिलित होने के लिए सभी के घर पर संपर्क कर रहे हैं। यहा पहले भी कई बार ऐसा आयोजन नगर के शिव मंदिर में हो चुकी है। इस बार के आयोजन में सकड़ों भक्तों की आने की जानकारी मिल रही हैं। जिसके चलते पूजा स्थल का चयन मिनी स्टेडियम रखा गया है। जहा भक्तों को पूजा-अर्चना में जगह को लेकर कोई परेशानी उठानी नहीं पड़ेगा।

### पार्षद की अनदेखी से वार्ड का हाल बेहाल

**जगदलपुर।** शहर के सबसे पुराने रियासतकालीन वार्डो में शामिल भैरमदेव वार्ड में जहां देखो वहां कचरा नजर आता है। इस ओर पार्षद का ध्यान नहीं है। वार्ड में खुलेआम शराब का धंधा फल-फूल रहा है वार्ड में दूसरे पारा मोहल्ले के नशेड़ियों का अड्डा बना हुआ है । वार्ड में गंदगी और नशाखोरी को लेकर पुलिस अधीक्षक को वार्ड वासियों के द्वारा ज्ञापन सौंपकर उचित कार्यवाही की मांग की जायेगी।

## हरिभूमि एवं आईएनएच परिवार नगरी के नववर्ष 2025 कैलेंडर का हुआ विमोचन

# आमजन की आवाज है हरिभूमि : अंबिका मरकाम

■ सिहावा अंचल में विशाल वटवृक्ष बन चुका है यह अखबार : प्रकाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

सिहावा विधानसभा सहित धमतरी जिला, छत्तीसगढ़ राज्य और देश से संबंधित समाचारों के लिए मैं विभिन्न अखबारों का पठन करती हूं लेकिन मैं सबसे पहले हरिभूमि अखबार पढ़ती हूं। हरिभूमि समाचार पत्र आम जनता की आवाज बनकर शासन प्रशासन तक आमजन की आवाज को पहुंचाने में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रहा है। यह बातें सिहावा विधायक श्रीमती अंबिका मरकाम ने 29 दिसंबर को दंतेश्वरी सभाहाल राजाबाड़ा में हरिभूमि एवं आईएनएच परिवार नगरी द्वारा आयोजित नववर्ष 2025 कैलेंडर के विमोचन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि की आंसदी से कही।

अध्यक्षता कर रहे भाजपा जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस ने कहा कि हरिभूमि समाचार पत्र की शुरुवात सिहावा विधानसभा क्षेत्र में आज से 24 वर्ष पूर्व छोटे स्तर पर हुई थी। आज यह विशाल वटवृक्ष बन चुका है। विशेष अतिथि अनुविभागीय अधिकारी पुलिस शैलेन्द्र कुमार पांडेय, एसडीओ सीतानदी अभ्यारण्य एमआर साहू थे। इससे पहले पूर्व विधायक श्रवण मरकाम, निषाद समाज प्रमुख अंजोर निषाद ने कहा कि देश और प्रदेश स्तर पर सिहावा अंचल को एक नई पहचान दिलाने में हरिभूमि अखबार और अखबार का संचालन कर रही सिहावा अंचल की टीम का महत्वपूर्ण योगदान है। हरिभूमि एवं आईएनएच प्रमुख गोपी कश्यप ने स्वागत उद्बोधन में कहा कि हरिभूमि सिहावा अंचल में 35 प्रतियों के साथ प्रारंभ हुआ था। आज हरिभूमि 22 सेन्टर के माध्यम से 1500 प्रति के साथ सिहावा विधानसभा क्षेत्र में सबसे लोकप्रिय अखबार बन चुका है। इस अवसर पर उन्होंने हरिभूमि के पाठकों, विज्ञापनदाताओं, समाचार प्रदान करने वाले लोगों का आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम में अतिथियों ने नववर्ष 2025 कैलेण्डर का विमोचन किया गया। नववर्ष कैलेण्डर के माध्यम से बधाई संदेश देने विज्ञापनदाताओं को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के विशेष अतिथि श्रीमती जिपं सदस्य मीना बंजारे, जनपद पंचायज अध्यक्ष श्रीमती दिनेश्वरी नेताम, पूर्व अध्यक्ष नगर पंचायत अध्यक्ष नागेन्द्र शुक्ला, उपाध्यक्ष नगर पंचायत अजय नाहटा, भाजपा मंडल अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष भूषण साहू, वरिष्ठ नेता भानेन्दर सिंह ठाकुर, कांग्रेस युवा नेता पेमन स्वणबेर, बेलरगांव मंडल अध्यक्ष मनोहर मानिकपुरी, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष विकल गुप्ता, संभागीय अध्यक्ष हल्बा समाज मोहन पुजारी, छग अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन संघ के संयोजक डोमार सिंह ध्रुव, साहू समाज अध्यक्ष कंवल सिंह साहू, सरपंच मुनईकेरा महेंद्र नेताम, सिहावा थाना प्रभारी उमाशंकर तिवारी, मेचका थाना प्रभारी राधेश्याम बंजारे, नगरी थाना प्रभारी ताम्रकर, रुपेन्द्र कुमार साहू, अनिल वाधवानी, हितेश महेश कुमार सिन्हा, योगानंद साहू, नीरज साहू, राकेश नारंग, आसकरण पटेल, पूर्व जिपं सदस्य श्रीमती प्रेमलता नागवंशी, भाजपा सोशल मीडिया प्रभारी श्रीमती चैलेश्वरी साहू, श्रीमती सुमन कश्यप, नीतू गुप्ता, कमलेश्वरी मंडावी, कामिनी साहू, नंदनी साहू, पूजा मानिकपुरी, कमल डागा, भावेश चोपड़ा, रवि भट्ट, हृदय साहू, हनी कश्यप, युगल साहू, पदुम लाल साहू, गौतम कश्यप, विक्की खनूजा, सुरेश साहू, सहित नगरवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

कार्यक्रम में हरिभूमि एवं आईएनएच नगरी तहसील परिवार के प्रमुख गोपी कश्यप, कुलदीप साहू, गोलू मंडावी, राजू पटेल, अंगेश हिरवानी, दीपेश मानिकपुरी, भूषण मरकाम, खिलेश साहू, भगत नेताम, रोमेश साहू का योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन देवेंद्र सेन ने किया।


विज्ञापनदाता राइस मिल एवं पेट्रोल पम्प के संचालक अनिल वाधवानी का हरिभूमि परिवार ने किया सम्मान।


हरिभूमि द्वारा प्रकाशित नववर्ष 2025 कैलेंडर का विमोचन अतिथियों एवं गणमान्य नागरिकों द्वारा किया गया।


विज्ञापनदाता बालाजी ज्वेलर्स के संचालक हितेश सिन्हा का जिला पंचायत सदस्य मीना बंजारे एवं अन्य अतिथियों ने सम्मान किया।


हरिभूमि के विज्ञापनदाता नारंग ट्रेडर्स के संचालक राकेश नारंग का मोमेन्टो देकर सम्मान किया गया।


हरिभूमि के विज्ञापनदाता आरके टाइल्स के संचालक रूपेंद्र साहू का स्मृतिचिन्ह देकर सम्मान किया गया


कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी, व्यापारी, समाज प्रमुख एवं पाठक उपस्थित रहे।

## स्वच्छ धरा वेलफेयर समिति ने तालाब पार की सफाई की




हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

स्वच्छ धरा वेलफेयर समिति ने प्रदेश अध्यक्ष नवनीत कुमार हरदेल, उपाध्यक्ष बीरेन्द्र कुमार देशमुख के मार्गदर्शन पर पीपरछेड़ी के तालाब पार की सफाई की। गुटखा पाउच, डिस्पोजल, दातून, झिल्ली, खरपतवार को इकट्ठा कर निर्धारित स्थान पर डंप किया। लोगों को स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया। समिति प्रभारी दिनेश कुमार देशमुख ने कहा कि भारत के हर नागरिक का कर्तव्य है कि वे स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण में संतुलन बनाए रखें। तालाब को साफ-सुथरा रखें। खुले में शौच न करें। मौके पर सरपंच गोवर्धन देशमुख, पूरन साहू, नेमेश साहू, तोमेश्वर देशमुख, लालजी देशमुख, चिनेश यादव, एकानंद देशमुख, टीकम साहू, जीतेश साहू, नारायण यादव, मोहन नेताम, तिलक साहू, ईश्वर हरदेल मौजूद थे।

## मानव जीवन की प्राप्ति सेवा व परमार्थ करने के लिए : कविता

■ सेमरा बी में गुरु घासीदास जयंती पर जैतखाम का हुआ लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

ग्राम सेमरा बी में गुरु घासीदास जयंती समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि वन समिति सभापति जिला पंचायत श्रीमती कविता योगेश बाबर थी। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं ध्वजारोहण करके किया गया।

श्रीमती बाबर ने जिला पंचायत मद से ग्रामवासियों की मांग पर जैतखाम सौंदर्यीकरण हेतु राशि दी उसका लोकार्पण भी संपन्न हुआ। सभा को संबोधित करते हुए श्रीमती बाबर ने समस्त सतनामी समाज एवं ग्राम वासियों को बाबा गुरु घासीदास जयंती की शुभकामनाएं दी एवं कहा कि बाबा का जन्म छत्तीसगढ़ के गिरौदपूरी गाँव में हुआ था वे एक अत्यंत ग़रीब परिवार में पैदा हुए। उन्होने सामाजिक कुरीतियों पर कुठाराघात किया एवं सतनाम संप्रदाय की स्थापना की। उन्होंने अपने जीवन काल में कम उम्र में पशुओं की बली एवं छुआ छूत की खिलाफ़त की। उन्होने यह संदेश दिया कि सतनाम धर्म प्रत्येक मानव को मानव का स्थान देता है। मनखे मनखे एक समान का नारा भी बाबा जी ने दिया।

इस अवसर पर सरपंच राधिका केशव साहू, नंदन गंगेले, राजेंद्र साहू ग्रामीण अध्यक्ष कार्तिक निषाद लोचन पटेल पूरण जांगड़े ज्ञानेश्वर जांगड़े रामचंद महिपाल भरत मल्होत्रा युवराज जांगड़े लक्ष्मण गंगेले एवं बड़ी संख्या में सतनामी समाज के सदस्य एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।



## धमतरी के तीन खिलाड़ियों ने मैराथन में जीते मेडल





■ अटल बिहारी की जयंती पर भिलाई में हुई राज्यस्तरीय ओपन मैराथन

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

स्व. अटल बिहारी वाजपेई की जयंती पर भिलाई में राज्यस्तरीय ओपन मैराथन का आयोजन किया। महिला वर्ग के लिए 8 किलोमीटर, पुरुष वर्ग के लिए 10 किलोमीटर,16 से 18 वर्ष के बालक - बालिकाओं के लिए 5 किलोमीटर एवं 16 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए 2 किलोमीटर रनिंग थी। इसमें धमतरी के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। धमतरी एथलेटिक्स संघ अध्यक्ष रितिका यादव ने बताया कि पुरुष वर्ग 10 किलोमीटर में यशवंत साहू ने 30 वां स्थान, 5 किलोमीटर बालक वर्ग में खोमेश्वर साहू ने 12वां स्थान व मैडल, शिवा ने 25वां स्थान प्राप्त किया।

16 वर्ष से नीचे आयु वर्ग में तनिष्क पटेल, चेतन साहू, तिलक हिरवानी, संदीप राजपूत और सीनियर में वेद का श्रेष्ठ प्रदर्शन रहा। आयोजन में छत्तीसगढ़ एथलेटिक्स संघ अध्यक्ष महेंद्र आहूजा, उपाध्यक्ष सौरभ लूनिया, चेयरमैन जीएस बाबरा, अनूप, सचिव हिमांशु चंद्राकर, सदस्य एथलेटिक्स टिकेश्वर निर्मलकर मौजूद थे।

## प्राथमिक वर्ग प्रशिक्षण में तन्मेष ने सीखा राष्ट्रभक्ति का पाठ

**धमतरी।** भाजपा महामंत्री प्रीतम साहू के पुत्र तन्मेष साहू राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के 9 दिवसीय प्राथमिक वर्ग प्रशिक्षण पूरा कर घर लौटे। घर लौटने पर उनका स्वागत किया गया। उज्वल भविष्य की कामना की। ज्ञात हो कि ग्राम मड़ईभाठा के सरस्वती शिशु मंदिर प्रांगण में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ द्वारा जिला स्तरीय 9 दिवसीय प्राथमिक वर्ग प्रशिक्षण शिविर रखा गया था जिसमें धमतरी जिले के विभिन्न स्थानों से प्रशिक्षु आये थे। यहां स्वयंसेवकों द्वारा राष्ट्रभक्ति, धर्मनिष्ठ और जनसेवा से ओतप्रोत अनुशासित रहकर चरित्रवान निर्भीक बनकर जीवन जीने की कला सिखाई गई।



## मौसम हुआ साफ, ठंड में होगी क्रमिक वृद्धि

**धमतरी।** मौसम साफ होते ही अब तापमान में क्रमिक गिरावट शुरू होगी। आगामी 5 दिनों तक मौसम शुष्क रहेगा। सोमवार से न्यूनतम तापमान में 4 से 5 डिग्री की क्रमिक गिरावट होने की संभावना है। बंगाल की खाड़ी में बने पश्चिमी विक्षोभ के कारण जिले में पिछले 4 दिनों से बादल छाये रहे, जिससे न्यूनतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ गया था। पश्चिमी विक्षोभ अब एक चक्रवाती परिसंचरण के रूप में उत्तर-पश्चिम उत्तर प्रदेश के ऊपर समुद्र तल से 3.1 किमी की ऊंचाई पर बना हुआ है। 30 दिसंबर को आकाश के साफ रहने की संभावना है। तापमान अधिकतम 28 तथा न्यूनतम 17 डिग्री के आसपास बना हुआ है।




### एक दूसरे की सांस्कृतिक मान्यताओं से अवगत कराता है यह कार्यक्रम : रामू

# आमदी में भाजपाइयों ने सुनी मोदी के मन की बात

■ 117वीं कड़ी प्रतिभाओं को प्रोत्साहन करने वाली रही : प्रीतेश गांधी

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

आमदी नगर पंचायत कार्यालय में प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात कार्यक्रम को जनप्रतिनिधियों तथा गणमान्य नागरिकों के साथ श्रवण करते हुए प्रदेश महामंत्री भाजपा रामू रोहरा ने कहा कि पूरे देश को एक मंच पर लाकर एक दूसरे की सांस्कृतिक मान्यताओं तथा खेल सहित अन्य गतिविधियों से अवगत कराना मोदी जी की पवित्र भावना है। मन की बात समग्र भारत को एकता के सूत्र में पिरोकर राष्ट्रीय भावनाओं को प्रगाढ़ता प्रदान करता है। मन की बात कार्यक्रम के प्रदेश सदस्य, प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य भाजपा प्रीतेश गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के जनमानस को अपनी भावनाओं से अवगत कराने के लिए प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से रूबरू होते हैं। इस रविवार को मोदी जी ने छत्तीसगढ़ की खेल गतिविधियों को राष्ट्रीय स्तर पर रेखांकित करने वाले बस्तर ओलंपिक पर विशेष फोकस किया। राज्य के खिलाड़ियों सहित इस क्षेत्र की प्रतिभाओं को प्रोत्साहित किया। श्री गांधी ने आगे कहा कि मोदी जी ने इस कड़ी में आयुर्वेद की प्रमाणिकता को भी बताया। मन की बात राष्ट्र के सभी क्षेत्र के भावना की अभिव्यक्ति के साथ समाज के सर्वजन की बातों को समाविष्ट करने का माध्यम है। मौके पर हेमन्त माला, कोमल यादव, उमानंद कुंभकार, जितेन्द्र यादव, तेजराम देवांगन, कृपाल साहू, श्रवण साहू, त्रिभुवन मटियारा, प्रीतम साहू, थानू राम साहू, दिनेश गेडाम उपस्थित थे।



